Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 14-03-2006

Participants : Rawat Shri Bachi Singh

>

Title : Need to provide canteen and other facilities to the para-military personnel after their retirement.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) :देश में अर्धसैनिक बलों के कार्मियों को सेवाकाल के दौरान भारतीय सेना के सेनिकों के ही समकक्ष कैंटीन, चिकित्सा, आवास आदि की सुविधायें प्रदान की जाती हैं। अधिकांश अर्धसैनिक बलों की दुर्गम सीमावर्ती सैन्य ठिकानों पर तैनात किया जाता है, जहां पर वे पूरी लगन व निठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

परन्तु सेवा से अवकाश मिलने के बाद अर्धसैनिक बलों के इन जवानों को कैंटीन, चिकित्सा व आवास सुविधा से वंचित होना पड़ता है। जिस कारण इन जवानों में घोर निराशा व कुंठा व्याप्त है1 आसाम रायफल्स, बी.एस.एफ, आइटी.बी.पी तो पूरी तरह से सैन्य बल ही हैं, और इनके द्वारा देश के लिये बलिदान देने में भी कोई कमी नहीं है। परन्तु, इन बलों की सेवा गृह मंत्रालय के अधीन होने से इन्हें सेना के समकक्ष सुविधायें नहीं मिल पा रही हैं। जो अत्यंत ही चिन्ताजन्क है। सेवानिवृत्त अर्धसैनिक बलों के अनेक संगठनों द्वारा समय समय पर उन्हें उपरोक्त सुविधायें प्रदान किये जाने का आग्रह किया जाता रहा है परन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि देश के अर्धसैनिक बलों के कार्मियों को उनकी सेवा निवृत्ति के उपरांत भारतीय सेना के जवानों के समकक्ष कैंटीन, चिकित्सा, आवास आदि की पूर्ण सुविधायें उपलब्ध करायी जायें।